सत्यमेव जयते

# न्यायालय
# सहायक कलक्टर/उपखण्ड अधिकारी
## गुढामालानी–बाड़मेर

(पीठासीन अधिकारी –केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)

प्रार्थना पत्र सं.:– 2024/125 दर्ज तिथिः–22.02.2024

1. घमण्डाराम पुत्र हरचंदराम
2. करनाराम पुत्र हरचंदराम
3. खेताराम पुत्र हरचंदराम
4. धनाराम पुत्र हरचंदराम
5. भूराराम पुत्र हरचंदराम
6. मूलाराम पुत्र हरचंदराम
7. हरदानराम पुत्र हरचंदराम

जाति जाट निवासी गोलिया गर्वा हाल नया कुआ तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर

............प्रार्थी

**बनाम**

1. नानगाराम पुत्र निम्बाराम
2. पेमाराम पुत्र निम्बाराम
3. पोलाराम पुत्र निम्बाराम
4. गोरखाराम पुत्र अणदाराम
5. पुनमाराम पुत्र अणदाराम
6. शेराराम पुत्र अणदाराम
7. मलाराम पुत्र अणदाराम
8. मंगलाराम पुत्र राणाराम
9. हीराराम पुत्र राणाराम
10. कौशलाराम पुत्र राणाराम
11. बाबूराम पुत्र पूनमाराम
12. तीलाराम पुत्र पुनमाराम
13. दुदाराम पुत्र पुनमाराम
14. धापु देवी पत्नी पुनमाराम
15. दलू देवी पत्नी पेमाराम
16. अणसी देवी पत्नी नानगाराम
17. दमी देवी पत्नी पोलाराम

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.10.11 13:41:57 IST
Reason: SelfAttested

18. तुलसाराम पुत्र दानाराम
19. खेताराम पुत्र दानाराम
20. बाबूराम पुत्र दानाराम
21. करनाराम पुत्र गुणेशा
22. पूनमाराम पुत्र गुणेशा
23. अमराराम पुत्र मूलाराम
24. बाबूराम पुत्र मूलाराम
25. वरजू देवी पत्नी उमाराम
26. बाबू देवी पत्नी हुकमाराम
27. सुवटि पत्नी किसनाराम
28. कोजी देवी पत्नी डुंगराराम
29. राणी देवी पत्नी नगाराम
30. लेहरो देवी पत्नी मंगलाराम
जाति मेगवाल निवासी मंगले की बेरी तहसील नोखड़ा जिला बाड़मेर।
31. तहसीलदार नोखड़ा।

........................................अप्रार्थीगण

उपस्थित अधिवक्ता
प्रार्थीः— श्री बाबूलाल विश्नोई।
अप्रार्थीगणः— श्री दलाराम चौधरी

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128
राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956

**—ःनिर्णयः—**

निर्णय तिथिः—19.09.2024

1. आज यह पत्रावली प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा—128 राजस्थान भू—राजस्व अधि—1956 वास्ते निर्णय हेतु पेश हुई। प्रकरण का सुक्ष्म वृतान्त इस प्रकार से है कि प्रार्थीगण द्वारा प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया कि प्रार्थीगण की हाल आराजी खसरा संख्या 42/15/1.4731 है0, 42/3/4.7834 है0 एवं 42/4/3.3832 है0 वाके ग्राम मंगले की बेरी तहसील नोखड़ा में स्थित है। उक्त वर्णित आराजी प्रार्थीगण की कब्जेकाश्त खातेदारी की आराजी है एवं आराजी पर प्रार्थीगण काबिज रहकर बिना किसी बाधा वो रूकावट के काश्त करते चले आ रहे है। उक्त खातेदारी आराजी से अप्रार्थीगण का कोई हक संबंध किसी प्रकार का नहीं है। अप्रार्थीगण प्रार्थीगण की आराजी के कार्यकाश्त में बाधा डालते हैं। उक्त आराजी का मौके पर सीमांकन नहीं होने से प्रार्थीगण द्वारा सीमांकन कराए जाने बाबत तहसीलदार गुडामालानी के यहां प्रार्थना—पत्र पेश किया जिस पर तहसीलदार नोखड़ा के आदेशांक दिनांक 10.04.2022 की पालना में पटवारी हल्का मंगले की बेरी द्वारा दिनांक 17.06.2022 द्वारा मौके पर उपस्थित होकर उक्त आराजी का सीमांकन कराकर निशानदेही कराई गई।

Signature Not Verified
Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.10.11 13:41:57 IST
Reason: SelfAttested

परन्तु अप्रार्थीगण पैमाईश को नहीं मान रहे है तथा प्रार्थीगण की आराजी को अपनी आराजी में मिलाना चाहते है। अब प्रार्थीगण मुताबिक पैमाइश रिपोर्ट दिनांक 17.06.2022 के आधार पर आराजी की पत्थरगढ़ी कराना चाहते है। अंत में प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी उक्त की पत्थरगढ़ी मुताबिक पैमाइश के अनुसार कराए जाने के आदेश जारी करने का निवेदन किया गया।

2. प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र दर्ज रजिस्टर किया गया एवं अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। बाद तामिल अप्रार्थीगण संख्या 21 ता 24 के अधिवक्ता हाजिर न्यायालय हुए। विद्वान अधिवक्ता अप्रार्थी संख्या 21 ता 24 को पर्याप्त अवसर दिये जाने के उपरांत भी जवाब प्रस्तुत नहीं करने एवं दिनांक 05.08.2024 को प्रकरण की नियत सुनवाई तिथि में अनुपस्थित रहने से अप्रार्थीगण संख्या 21 ता 24 के विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गई। शेष अप्रार्थीगण बावजूद विधिवत तामील अनुपस्थित होने के कारण उनके विरूद्ध एकतरफा कार्यवाही अमल में लाई गयी। प्रकरण में तहसीलदार नोखड़ा को पत्रांक / कोर्ट / आरए / 2024 / 1179 दिनांक 04.07.2024 के द्वारा बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक रिपोर्ट निर्धारित चैकलिस्ट में तैयार करने हेतु लिखा गया। जिसकी पालना में पटवारी हल्का मंगले की बेरी ने मौके पर जाकर निर्धारित चैकलिस्ट में बिन्दुवार विस्तृत तथ्यात्मक तैयार कर न्यायालय हाजा में प्रस्तुत की।

3. न्यायालय द्वारा विद्वान अधिवक्ता प्रार्थीगण की बहस सुनी गई। दौराने बहस प्रार्थीगण अधिवक्ता द्वारा प्रार्थना–पत्र में अंकित तथ्यों को दोहराते हुए प्रार्थना–पत्र प्रार्थीगण स्वीकार कर आराजी की मुताबिक पैमाइश दिनांक 17.06.2022 के अनुसार पत्थरगढ़ी के आदेश जारी करने का निवेदन किया है।

4. मैंने बहस प्रार्थी अधिवक्ता पर मनन किया। प्रकरण में सर्वप्रथम राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः–

> ***111. Decision of disputes as to boundaries***.—(1) *In case of any dispute concerning any boundaries the Land Records Officer shall decide such dispute, so far as possible, on the basis of the existing survey maps and, where this is not possible or such maps are not available, on the basis of actual possession.*
>
> *(2) If, in the course of an inquiry into a dispute under this section the Land Records Officer is unable to satisfy himself as to which party is in the possession or it if is shown that possession has been obtained by wrongful dispossession of the lawful occupants within a period of three months previous to the commencement of the inquiry, the Land Records Officer shall ascertain by summary inquiry who is the party best entitled to possession and shall then fix the boundary accordingly.*

5. राजस्थान भू–राजस्व अधिनियम–1956 की धारा–111 के अनुसार खसरों की सीमाओं के विवाद को हाल राजस्व नक्शे के अनुसार तथा हाल राजस्व नक्शे के उपलब्ध न होने पर

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.10.11 13:41:57 IST
Reason: SelfAttested

वास्तविक कब्जे के आधार पर निस्तारित किये जाने के प्रावधान बनाये गये है। खसरों की सीमाओं के विवाद को निस्तारित करने की प्रक्रिया के सम्बन्ध में राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 के तहत प्रावधान बनाये गये है। अतः प्रकरण में साथ ही राजस्थान भू—राजस्व अधिनियम—1956 की धारा—128 का उद्धरण यहां प्रासंगिक है। जो कि इस प्रकार हैः—

> ***128. Boundary disputes.*** *- All disputes concerning boundaries shall be decided by the Land Record Officer in the manner laid down in section 111:*
>
> ***Provided that*** *applications in relation to boundaries of fields may be made to and disposed of by the Tehsildar in cases where there exists no dispute as to such boundaries but on account of the absence of proper boundary marks there is the likelihood of such a dispute arising.*

6. उक्त विधिक प्रावधानों के संदर्भ में पत्रावली पर संलग्न दस्तावेजात् जमाबंदी संवत् 2073—2076 वाके ग्राम मंगले की बेरी तहसील नोखड़ा में राजस्व इन्द्राज एवं तहसीलदार नोखड़ा द्वारा किये गये सीमांकन रिपोर्ट का ध्यानपूर्वक अवलोकन किया। बाद अवलोकन पाया गया कि पत्रावली पर उपलब्ध राजस्व रिकॉर्ड वाके ग्राम मंगले की बेरी के अंकित इन्द्राज के अनुसार उक्त आराजी प्रार्थीगण की सालिम खातेदारी की आराजी होना साबित है। साथ ही संलग्न रिपोर्ट पैमाइश दिनांक 17.06.2022 से भी यह तथ्य प्रार्थीगण साबित है कि प्रार्थीगण द्वारा तहसीलदार नोखड़ा के माध्यम से हल्का पटवारी से युक्त वर्णित आराजी की पैमाइश कराई जा चुकी है। मौके पर प्रार्थीगण को सीमाचिह्न बताकर प्रार्थीगण को संतुष्ट किया गया है। तहसीलदार रिपोर्ट के अनुसार उक्त वर्णित आराजी की खसरे की सीमाओं को लेकर अप्रार्थीगण के साथ सीमा विवाद है। इस प्रकार प्रार्थीगण की अपनी कब्जेशुदा खातेदारी आराजी की सुरक्षा तथा सीमा विवाद के निस्तारण हेतु पत्थरगढ़ी के प्रार्थना पत्र को स्वीकार किया जाकर आदेश जारी किया जाना उचित प्रतीत होता है। अतः

आदेश है कि

**प्रार्थना—पत्र प्रार्थीगण अंतर्गत धारा—128 भू—राजस्व अधिनियम—1956 के बाबत् पत्थरगढ़ी किये जाने का स्वीकार किया जाता है। हाल आराजी खसरा संख्या 42/15/1.4731 है., 42/3/4.7834 है. एवं 42/4/3.3832 है. वाके ग्राम मंगले की बेरी तहसील नोखड़ा पर प्रार्थीगण एवं संबंधित पक्षकारों/हितधारकों की पूर्व सूचित उपस्थिति में खातेदारी आराजी पर पत्थरगढ़ी किये जाने के आदेश तहसीलदार नोखड़ा को दिये जाते हैं एवं साथ ही निर्देश दिये जाते हैं कि अप्रार्थीगण को मौके पर उपस्थित रहने बाबत जरिये नोटिस पूर्वसूचित करते हुए पत्थरगढ़ी की जाकर पालना रिपोर्ट न्यायालय को अवगत करायें। पक्षकार अपना—अपना खर्चा स्वयं वहन करेंगे।**

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.10.11 13:41:57 IST
Reason: SelfAttested

आदेश प्रति पालनार्थ हेतु तहसीलदार नोखड़ा को भिजवाई जावें। अहकाम पृथक से जारी किया जावे।

यह आदेश मेरे द्वारा आज दिनांक 19.09.2024 को लिखवाया जाकर सरे—इजलास सुनाया जाकर हस्ताक्षर व मोहर युक्त जारी किया गया।

(केशव कुमार मीना आर.ए.एस.)
उपखण्ड अधिकारी
गुढामालानी (बाड़मेर)

Signature Not Verified

Digitally signed by Keshav Kumar Meena
Date: 2024.10.11 13:41:57 IST
Reason: SelfAttested